उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,

लखनऊ – 226010

संख्या :- 113/05/कम्प्यू.अनु.-12/2019/26-परीक्षा/2016

लखनऊ : दिनांक : 13 नवम्बर, 2019

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-26-परीक्षा/2016, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ लिपिक (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2016(II) के अंतर्गत विज्ञापित कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ लिपिक के कुल रिक्त 536 पदों पर चयन हेतु संपन्न लिखित परीक्षा के उपरान्त द्वितीय चरण की टंकण परीक्षा हेतु अर्ह पाये गये 4264 अभ्यर्थियों की हिंदी एवं अग्रेजी टंकण परीक्षा दिनांक-13-11-2019 से 21-11-2019 को आयोजित किये जाने संबन्धी आयोग की सूचना संख्या-112/05/कम्प्यू.अनु.-12/2019/26-परीक्षा/2016, दिनांक-07-11-2019 का संदर्भ ग्रहण करें।

आयोग की उक्त सूचना **दिनांक-07-11-2019** के क्रम में दिनांक-13-11-2019 व 14-11-2019 को आयोजित होने वाली हिंदी एवं अग्रेजी टंकण परीक्षा से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक-13-11-2019 व 14-11-2019 को आयोजित की जाने वाली हिंदी एवं अग्रेजी टंकण परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है। उक्त तिथियों दिनांक-13-11-2019 व 14-11-2019 को, जिन अभ्यर्थियों की हिंदी एवं अग्रेजी टंकण परीक्षा सूचना दिनांक-07-11-2019 के अनुसार आयोजित की जानी थी, उन समस्त अभ्यर्थियों की हिंदी एवं अग्रेजी टंकण परीक्षा निम्नलिखित सारिणी में उल्लिखित तिथियों में क्रमशः दिनांक-22-11-2019- व 23-11-2019 को उनके सम्मुख अंकित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी-

क्रम सं0	तिथि	पाली	परीक्षा का समय	परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने का समय	अभ्यर्थियों की संख्या
1	22-11-2019	प्रथम पाली	10:00 AM TO 01:00 PM	08:00 AM	240
		द्वितीय पाली	02:00 PM TO 05:00 PM	12:00 PM	240
2	23-11-2019	प्रथम पाली	10:00 AM TO 01:00 PM	08:00 AM	240
		द्वितीय पाली	02:00 PM TO 05:00 PM	12:00 PM	240
				कुल अभ्यर्थियों की संख्या	**960**

संबन्धित अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों की टंकण परीक्षा दिनांक-13-11-2019 को आयोजित होनी थी उनकी टंकण परीक्षा दिनांक-22-11-2019 को तथा जिन अभ्यर्थियों की टंकण परीक्षा दिनांक-14-11-2019 को आयोजित होनी थी उनकी टंकण परीक्षा दिनांक-23-11-2019 को सारिणी में दिये गये कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी। संबन्धित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त परीक्षा में निर्धारित तिथि को पूर्व में निर्गत प्रवेश पत्रों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। शेष तिथियों में आयोजित की जाने वाली टंकण परीक्षा सूचना दिनांक-07-11-2019 में दी गयी सूचना/ कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी, उनके कार्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

13.11.2019.

परीक्षा नियंत्रक,

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

लखनऊ।